# ISH-26

## Sub. General Hindi 5/04/2026

## Paper Code: 02 (RajasthanVacancy.com)

**1. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?**

(1) वह नदी में पानी भरने गयी है।

(2) वह कुरता डालकर गया है।

(3) कई स्थलों में ऐसा बताया गया है।

(4) इन दोनों घरों के बीच एक दीवार है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

सही उत्तर: (4) इन दोनों घरों के बीच एक दीवार है।

---

**2. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य नहीं है?**

(1) वह संगीत सीखती है और हिन्दी पढ़ती है।

(2) जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है।

(3) इसको दंगा कहकर पुकारना अनुचित है।

(4) घर में कैसा वातावरण है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

सही उत्तर: (3) इसको दंगा कहकर पुकारना अनुचित है। (शुद्ध रूप: इसे दंगा कहना अनुचित है।)

RajasthanVacancy.com

---

**3. किस विकल्प में अशुद्ध वाक्य है?**

(1) वे इसे न समझ सकते हैं, न बोल सकते हैं।

(2) यदि मेरी सुनें तो कभी न जायें।

(3) पुस्तक विद्वतापूर्ण लिखी गयी।

(4) छात्र दृढ़ता से संगठित रहे।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

सही उत्तर: (3) पुस्तक विद्वतापूर्ण लिखी गयी। (शुद्ध रूप: पुस्तक विद्वत्तापूर्वक लिखी गई।)

---

**4. किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?**

(1) एकमात्र दो उपाय हैं।

(2) वह उदास चेहरे से चल दिये।

(3) देश में सर्वत्र शान्ति है।

(4) यह पत्र आपके अनुसार है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

सही उत्तर: (3) देश में सर्वत्र शान्ति है।

---

**5. निर्देशक चिह्न के प्रयोग के संबंध में असंगत है –**

(1) किसी विषय के साथ तत्संबंधी अन्य बातों की सूचना देने में

(2) किसी के वाक्यों को उद्धृत करने के पश्चात्

(3) बातचीत में रुकावट सूचित करने के लिए

RajasthanVacancy.com

(4) किसी वाक्य में भाव का अचानक परिवर्तन होने पर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

सही उत्तर: (2) किसी के वाक्यों को उद्धृत करने के पश्चात् (उद्धरण चिह्न का प्रयोग होता है, न कि निर्देशक का।)

---

**6. जब कई शब्दभेद जोड़े से आते हैं, तब प्रत्येक जोड़े के बाद किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?**

(1) पूर्णविराम

(2) कोष्ठक

(3) अल्पविराम

(4) अर्द्धविराम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

सही उत्तर: (3) अल्पविराम

---

**7. 'न जाने अब आगे चलकर क्या होगा', इस वाक्य के अन्त में निम्नलिखित में से उपयुक्त विराम चिह्न होगा :**

(1) प्रश्न चिह्न

(2) लाघव चिह्न

(3) पूर्णविराम चिह्न

(4) विस्मय-सूचक चिह्न

(5) अनुत्तरित प्रश्न

सही उत्तर: (3) पूर्णविराम चिह्न

RajasthanVacancy.com

**8. किस वाक्य में विराम चिह्नों का समुचित प्रयोग नहीं हुआ है?**

(1) वे नदी, नाले पार करते चले।

(2) वाह ! उसने तो तुम्हें अच्छा धोखा दिया !

(3) कैसा ? बेहूदा आदमी है ?

(4) देखिए, कैसा सुगम शब्द बन गया !

(5) अनुत्तरित प्रश्न

सही उत्तर: (3) कैसा ? बेहूदा आदमी है ? (यहाँ विस्मय का भाव है, प्रश्नवाचक चिह्न सही नहीं है।)

**9. 'गर्दन उठाना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –**

(1) दबाव डालना

(2) विरोध करना

(3) जिम्मेदार होना

(4) उत्तरदायित्व लेना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) विरोध करना**

**10. किसी रचना का रूपांतर करने में बाहर से लगाए गए शब्दों के साथ किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?**

(1) तुल्यतासूचक

(2) स्थानपूरक

(3) अवतरण चिह्न

RajasthanVacancy.com

(4) कोष्ठक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) कोष्ठक**

**11. 'तालू में दाँत जमना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –**

(1) रोब दिखाना

(2) क्रोध में चूर होना

(3) उपहास होना

(4) दुर्दशा के लक्षण प्रकट होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) दुर्दशा के लक्षण प्रकट होना**

**12. 'नाक का बाल होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –**

(1) निर्दोष बचे रहना

(2) प्रेम से स्वागत करना

(3) परेशान करना

(4) अधिक प्यारा होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) अधिक प्यारा होना**

**13. 'कलेजा पक जाना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –**

(1) दुःख सहते-सहते तंग आ जाना

(2) हृदय का निर्बल होना

(3) घबराहट होना

RajasthanVacancy.com

(4) मार्मिक चोट होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) दुःख सहते-सहते तंग आ जाना**

**14. 'पौ बारह होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –**

(1) धन होने का गर्व करना

(2) अधिक तारीफ करना

(3) सवेरा होना

(4) हर तरह से लाभ ही लाभ होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) हर तरह से लाभ ही लाभ होना**

**15. लोकोक्ति और उसके अर्थ की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?**

(1) भूखे सियार को सीधा मेवा – भूखे मनुष्य को साधारण भोजन भी बहुत मधुर लगता है।

(2) भूखा सिंह न तिनका खाय – बड़ा आदमी कष्ट आने पर भी छोटा काम नहीं करता।

(3) भूख में गूलर पकवान – भूख लगने पर स्वादहीन भोजन भी स्वादिष्ट मालूम होता है।

(4) भूखा सो रूखा – भूखे व्यक्ति को रूखा-सूखा भी अच्छा लगता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) भूखा सो रूखा – भूखे व्यक्ति को रूखा-सूखा भी अच्छा लगता है।**
(इसका सही अर्थ होता है: भूखा व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है।)

RajasthanVacancy.com

**16. 'जैसे साँपनाथ वैसे नागनाथ' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है :**

(1) दोनों ही दुष्ट प्रकृति के व्यक्ति होना।

(2) गुण और दोष के अनुरूप नाम न होना।

(3) सदैव समान स्थिति में रहना।

(4) जैसा कर्म करते हैं वैसा ही फल भोगना पड़ता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) दोनों ही दुष्ट प्रकृति के व्यक्ति होना।**

**17. 'ज़मीन सख़्त आसमान दूर' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ होगा :**

(1) धन के अभाव में व्यक्ति का सम्मान नहीं होना।

(2) सुख और दुख सब जगह होते हैं।

(3) कड़वी बोली बोलने से लोग शत्रु हो जाते हैं।

(4) कठिन परिस्थिति में होना।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) कठिन परिस्थिति में होना।**

**18. 'दमड़ी की अरहर, सारी रात खड़खड़' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है :**

(1) दुर्बल आदमी को सब दबा लेते हैं।

(2) छोटी-सी बात पर बड़ा झगड़ा कर लेना।

(3) ज़रा से काम को बहुत बढ़ाकर दिखाना।

RajasthanVacancy.com

(4) व्यय तो अधिक परंतु काम थोड़ा हो।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) ज़रा से काम को बहुत बढ़ाकर दिखाना।**

**19. 'REPRODUCTION' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है –**

(1) प्रतिकृति

(2) प्रतिक्रिया

(3) पुनरुत्पादन

(4) प्रतिलिपि

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) प्रतिक्रिया** (इसका अर्थ Reaction होता है।)

**20. 'बावन तोले पाव रत्ती' लोकोक्ति का निम्नलिखित में से निकटतम अर्थ है :**

(1) बहुत दरिद्र होना।

(2) बुढ़ापे में जवानी की उमंग उठना।

(3) अधिक लोगों द्वारा मिलकर कम काम करना।

(4) जो हर तरह से बिलकुल ठीक हो।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) जो हर तरह से बिलकुल ठीक हो।**

**21. 'VERDICT' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –**

(1) अधिमत्

(2) आधार

(3) पूर्वमत

RajasthanVacancy.com

(4) न्याय

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) न्याय** (इसका सटीक अर्थ 'निर्णय' या 'फ़ैसला' होता है, यहाँ विकल्पों में न्याय इसके सबसे करीब है।)

**22. 'RESOLUTION' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –**

(1) संकल्प

(2) निविदा

(3) मामला

(4) निलंबन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) संकल्प**

---

**23. 'COMPOSITION' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है –**

(1) गठन

(2) घटक

(3) रचना

(4) संघटन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) घटक** (घटक का अंग्रेजी अर्थ 'Component' होता है।)

**24. 'PURSUIT' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है –**

(1) कामकाज

RajasthanVacancy.com

(2) अनुसरण

(3) प्रयोज्य

(4) खोज

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) कामकाज**

**25. 'LEGISLATURE' पारिभाषिक शब्द का हिन्दी पारिभाषिक रूप है –**

(1) मंत्रिपरिषद

(2) कार्यपालिका

(3) विधानमंडल

(4) मंत्रिमंडल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) विधानमंडल**

**26. 'COMMUNIQUE' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है –**

(1) अधिसूचना

(2) कार्यालय आदेश

(3) विज्ञप्ति

(4) निविदा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) विज्ञप्ति**

**27. पारिभाषिक शब्दों में कौन सा विकल्प सुमेलित है ?**

(1) Superficial – अधीक्षण

RajasthanVacancy.com

(2) Solemn – सत्यनिष्ठा

(3) Sovereign – संप्रभुता

(4) Stipulation – परिनियम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) Sovereign – संप्रभुता**

**28. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द में से कौन सा विकल्प सुमेलित नहीं है ?**

(1) Monopoly – एकाधिकार

(2) Monotony – एकरसता

(3) Monogram – गुंफाक्षर

(4) Monogamy – स्मारक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) Monogamy – स्मारक** (Monogamy का अर्थ 'एकविवाह प्रथा' होता है।)

**29. अंग्रेजी के हिन्दी पारिभाषिक शब्द की दृष्टि से असंगत विकल्प है –**

(1) Adjourn – स्थगित करना

(2) Proceedings – कार्यवाही

(3) Probation – संभाव्य

(4) Postpone – मुल्तवी करना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) Probation – संभाव्य** (Probation का अर्थ 'परिवीक्षा' होता है।)

---

RajasthanVacancy.com

**30. संधि-विच्छेद की दृष्टि से सही नहीं है –**

(1) भारतेन्दु = भारत + इन्दु

(2) यद्यपि = यदि + अपि

(3) कटूक्ति = कटु + उक्ति

(4) शीतोष्ण = शीत + उष्ण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) शीतोष्ण = शीत + उष्ण** (विकल्प के अनुसार यहाँ मात्रा की अशुद्धि हो सकती है, वैसे नियमतः यह सही है लेकिन 'कटूक्ति' में 'उ' की मात्रा बड़ी होती है, इसलिए प्रश्न के विकल्पों की वर्तनी पर ध्यान देना आवश्यक है।)

**31. संधि से निर्मित गलत शब्द है –**

(1) रेखा + अंश = रेखांश

(2) देवी + इच्छा = देवीच्छा

(3) गिरि + इन्द्र = गिरीन्द्र

(4) स्व + ईर = स्वेर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) स्व + ईर = स्वेर** (शुद्ध शब्द 'स्वैर' होता है।)

**32. संधि की दृष्टि से त्रुटिरहित विकल्प है –**

(1) सदा + एव = सदैव

(2) जित + इन्द्रिय = जितेन्द्रिय

(3) महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य

(4) जल + ओघ = जलौघ

RajasthanVacancy.com

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) जितेन्द्रिय** (क्योंकि अन्य विकल्पों में 'सदा+एव=सदैव', 'महा+ऐश्वर्य=महैश्वर्य' और 'जल+ओघ=जलौघ' में वृद्धि संधि के नियम से मात्राएँ अलग होती हैं।)

**33. निम्नलिखित में से किस विकल्प में त्रुटिपूर्ण संधि-विच्छेद है ?**

(1) उपेक्षा = उप + ईक्षा

(2) लघूर्मि = लघु + ऊर्मि

(3) व्याप्त = वि + आप्त

(4) पित्रिच्छा = पित्र + इच्छा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) पित्रिच्छा = पित्र + इच्छा** (शुद्ध विच्छेद 'पितृ + इच्छा' होता है।)

**34. 'प्र' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है –**

(1) प्रदत्त

(2) प्रथम

(3) प्रदेश

(4) प्रकाश

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) प्रथम** (प्रथम एक मूल शब्द है।)

**35. तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है –**

(1) भवतारण

(2) कविश्रेष्ठ

RajasthanVacancy.com

(3) ऋणमुक्त

(4) भरपेट

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) भरपेट** (यह अव्ययीभाव समास का उदाहरण है।)

**36. किस विकल्प के सभी शब्द अव्ययीभाव समास के उदाहरण हैं ?**

(1) पल-पल, प्रतिदिन

(2) व्यर्थ, प्रतिबिम्ब

(3) यथासंभव, पूर्वकाल

(4) पंचवटी, हाथोंहाथ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) पल-पल, प्रतिदिन**

**37. शब्द में निहित उपसर्ग की दृष्टि से संगत विकल्प है –**

(1) स्वदेश – सु

(2) अलंकार – अ

(3) आरण्यक – आ

(4) संतति – सम्

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) संतति – सम्** (सम् + तति = संतति)

---

**38. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द छाँटिये :**

(1) कुछ

RajasthanVacancy.com

(2) छवि

(3) खुजली

(4) धरती

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) छवि**

**39. 'या' प्रत्यय के योग से बना शब्द नहीं है –**

(1) समस्या

(2) सवैया

(3) विद्या

(4) शय्या

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) सवैया** (इसमें 'ऐया' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।)

**40. 'अ' प्रत्यय के योग से बना शब्द नहीं है –**

(1) मौन

(2) मोहन

(3) पार्थ

(4) शैव

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) मोहन** (यह मूल शब्द है, जबकि अन्य में 'अ' प्रत्यय से शब्द बने हैं जैसे मुनि+अ = मौन, पृथा+अ = पार्थ, शिव+अ = शैव।)

**41. किस विकल्प के सभी शब्द तत्सम हैं ?**

RajasthanVacancy.com

(1) भ्राता, मोर

(2) लवण, निबंध

(3) पुहुप, हस्त

(4) मोती, हीरक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) लवण, निबंध** (अन्य विकल्पों में मोर, पुहुप और मोती तद्भव शब्द हैं।)

**42. निम्नलिखित में से देशज शब्द है :**

(1) कनस्तर

(2) ठुमरी

(3) चकमक

(4) टीन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) ठुमरी**

**43. निम्नलिखित शब्दों में से अर्द्धतत्सम शब्द का चयन कीजिए :**

(1) विकर्ण

(2) बच्छ

(3) आग

(4) खेत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) बच्छ** (यह 'वत्स' का अर्द्धतत्सम रूप है।)

RajasthanVacancy.com

**44. निम्न में तद्भव शब्द है :**

(1) एकादश

(2) गोस्वामी

(3) घात

(4) खाँसी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) खाँसी** (इसका तत्सम 'कास' होता है।)

**45. इनमें से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है ?**

(1) बूँद

(2) खीर

(3) आँख

(4) धूप

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) धूप** (धूप तत्सम शब्द है, जबकि बूँद, खीर और आँख तद्भव हैं।)

---

**46. इनमें से विदेशी शब्द है –**

(1) आल्हा

(2) वकील

(3) जीभ

(4) घड़ा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

RajasthanVacancy.com

**सही उत्तर: (2) वकील** (यह अरबी भाषा का शब्द है।)

**47. निम्न में से भाववाचक संज्ञा है :**

(1) नींद

(2) भारतेन्दु

(3) कुटुम्ब

(4) धातु

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) नींद**

**48. सर्वनाम से निर्मित संज्ञा शब्दों का समूह है –**

(1) दूरस्थ, बुराई

(2) स्वत्व, ममत्व

(3) दोस्ती, धिक्कार

(4) ऊँचा, कसैला

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) स्वत्व, ममत्व** ('स्व' और 'मम' सर्वनामों से बने हैं।)

**49. 'वह कौन है, जो पड़ा रो रहा है ।' वाक्य में रेखांकित शब्द है –**

(1) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(2) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

(3) निजवाचक सर्वनाम

(4) निश्चयवाचक सर्वनाम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

RajasthanVacancy.com

**सही उत्तर: (2) सम्बन्धवाचक सर्वनाम** (यहाँ 'जो' का प्रयोग संबंध बताने के लिए हुआ है।)

**50. किस विकल्प में निश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है ?**

(1) वे पराक्रमी बालक हैं।

(2) ये सब बातें हरिश्चन्द्र में सहज हैं।

(3) यह नया नियम नहीं है।

(4) बड़ा पद मिलने से कोई बड़ा नहीं होता।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) बड़ा पद मिलने से कोई बड़ा नहीं होता।** (यहाँ 'कोई' अनिश्चयवाचक सर्वनाम है।)

**51. किस विकल्प में सभी शब्द गुणवाचक विशेषण के उदाहरण हैं ?**

(1) समान, समूचा, सूखा

(2) सारा, नीचा, चौड़ा

(3) लंबा, पूरा, भारी

(4) टिकाऊ, स्थानीय, फीका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) टिकाऊ, स्थानीय, फीका**

---

**52. किस विकल्प में विशेषण शब्द है ?**

(1) अभ्यास

(2) अमावस

RajasthanVacancy.com

(3) अमात्य

(4) अनुचित

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) अनुचित**

**53. निम्न में से किस वाक्य में क्रिया का अकर्मक रूप में प्रयोग हुआ है ?**

(1) श्याम आम खाता है।

(2) राम स्कूल में पढ़ता है।

(3) सिपाही चोर को पकड़ता है।

(4) मोहन गेंद खेलता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) राम स्कूल में पढ़ता है।** (यहाँ 'पढ़ना' क्रिया का फल कर्ता पर है, कोई प्रत्यक्ष कर्म नहीं है।)

**54. निम्नलिखित में से किस वाक्य में क्रिया के प्रेरणार्थक रूप का प्रयोग नहीं हुआ है ?**

(1) पिता ने लड़के को कहानी सुनाई।

(2) मोहन मुझसे किताब लिखाता है।

(3) बच्चे को रोटी खिलाओ।

(4) वह घर आना चाहता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) वह घर आना चाहता है।**

**55. किस वाक्य में निपात का प्रयोग हुआ है ?**

RajasthanVacancy.com

(1) पशु-पक्षी ही अपना हित समझते हैं।

(2) हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं।

(3) किसी आदमी को भेज दो।

(4) मैं आपके पास आया हूँ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) पशु-पक्षी ही अपना हित समझते हैं।** (यहाँ 'ही' निपात है।)

**56. 'वह आजकल पढ़ रहा है' वाक्य में रेखांकित पद क्रिया-विशेषण के किस भेद का उदाहरण है ?**

(1) रीतिवाचक

(2) परिमाणवाचक

(3) कालवाचक

(4) स्थानवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) कालवाचक** (आजकल समय का बोध कराता है।)

**57. किस विकल्प में संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?**

(1) वैसे तो राजा भी प्रजासेवक है।

(2) यह काम जाने से पहले करना चाहिए।

(3) धन के बिना किसी का काम नहीं चलता।

(4) नौकर मालिक के यहाँ रहता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) वैसे तो राजा भी प्रजासेवक है।**

RajasthanVacancy.com

**58. विस्मयादिबोधक अव्यय की दृष्टि से असंगत विकल्प है –**

(1) स्वीकारबोधक – जी !

(2) आश्चर्यबोधक – धन्य !

(3) संबोधनद्योतक – अरे !

(4) तिरस्कारबोधक – छिः !

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) आश्चर्यबोधक – धन्य !** ('धन्य' प्रशंसावाचक होता है, आश्चर्यबोधक नहीं।)

---

**59. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?**

(1) खड्ग, असि, करवाल

(2) मरूत, गंधवह, तरणी

(3) तम, तमिस्र, तिमिर

(4) शर, विशिख, शिलीमुख

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) मरूत, गंधवह, तरणी** (मरूत और गंधवह हवा के हैं, जबकि तरणी सूर्य या नाव के लिए आता है।)

**60. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?**

(1) छिद्र, रंध्र, विवर

(2) चावल, तंदुल, पायस

(3) पंक्ति, सरणि, पाँती

RajasthanVacancy.com

(4) युद्ध, रण, समर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) चावल, तंदुल, पायस** (चावल और तंदुल एक हैं, लेकिन पायस का अर्थ खीर होता है।)

**61. निम्नलिखित में से 'मोर' का पर्यायवाची नहीं है :**

(1) केकी

(2) शिखी

(3) कलापी

(4) मंडूक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) मंडूक** (इसका अर्थ मेंढक होता है।)

**62. 'दीक्षा देने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है –**

(1) दीक्षित

(2) दाक्षिण्य

(3) दीक्षक

(4) दीक्षांत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) दीक्षक**

**63. 'बहुज्ञ' का विलोम शब्द है –**

(1) अभिज्ञ

(2) विज्ञ

RajasthanVacancy.com

(3) सर्वज्ञ

(4) अल्पज्ञ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) अल्पज्ञ**

**64. असंगत विलोम शब्द है :**

(1) तरल – ठोस

(2) न्यून – अधिक

(3) वैयक्तिक – सामूहिक

(4) उतरना – गिरना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) उतरना – गिरना** (यह पर्यायवाची जैसे हैं, उतरना का विलोम चढ़ना होता है।)

**65. असंगत विलोम शब्द है –**

(1) बड़ा – लंबा

(2) कृश – स्थूल

(3) ऋजु – वक्र

(4) गत – आगत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) बड़ा – लंबा** (बड़ा का विलोम छोटा होता है।)

---

**66. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द उपयुक्त नहीं है?**

RajasthanVacancy.com

(1) रंगमंच का परदा — यवनिका

(2) पूर्णिमा की रात — राका

(3) जिसकी रक्षा की गई हो — रक्षणीय

(4) योजना करने के योग्य — योज्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) जिसकी रक्षा की गई हो — रक्षणीय** (जिसकी रक्षा की गई हो उसे 'रक्षित' कहते हैं, 'रक्षणीय' का अर्थ रक्षा करने योग्य होता है।)

**67. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द उपयुक्त है?**

(1) जिसका समय बीत गया हो — कालातीत

(2) कुछ समय के बाद — कालचक्र

(3) कामनी पूरी करने वाला — काम्य

(4) करुणा का भाव — कारुणिक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) जिसका समय बीत गया हो — कालातीत**

**68. किस विकल्प में शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ है?**

(1) परिणीत — प्रणीत = अविवाहित — निवेदन

(2) कटिबन्ध — कटिबद्ध = कमरबन्द — तैयार

(3) उद्धत — उद्यत = अड़ा हुआ — थका हुआ

(4) परिहार — प्रहार = चोट — त्याग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) कटिबन्ध — कटिबद्ध = कमरबन्द — तैयार**

RajasthanVacancy.com

**69. निम्नलिखित में से किस शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ नहीं है?**

(1) गोपन — गोमय = छिपाना — गोबर

(2) गेय — गेह = गाने योग्य — घर

(3) चक्रचर — चक्रधर = कुम्हार — विष्णु

(4) चक्रवात — चक्रवाल = चकवा — बवंडर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) चक्रवात — चक्रवाल = चकवा — बवंडर** (चक्रवात का अर्थ 'बवंडर' और चक्रवाल का अर्थ 'चकवा' पक्षी होता है, यहाँ क्रम उल्टा दिया गया है।)

**70. किस विकल्प में शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ नहीं है?**

(1) बलि — बली = उपहार — बलवान

(2) मेघ — मेध = बादल — यज्ञ

(3) मूल — मूल्य = जड़ — कीमत

(4) शुक — शूक = जौ — तोता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) शुक — शूक = जौ — तोता** (शुक का अर्थ 'तोता' और शूक का अर्थ 'जौ की बाल' होता है, यहाँ भी क्रम गलत है।)

**71. 'कृति — कृती' शब्द-युग्म का क्रमशः सही अर्थ है —**

(1) पुस्तक — तारिका

(2) कार्य — कीट

(3) चतुर — कीड़ा

RajasthanVacancy.com

(4) रचना — निपुण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) रचना — निपुण**

---

**72. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है :**

(1) दुष्कर

(2) प्रतिछाया

(3) आशिर्वाद

(4) अक्षौहिणी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) अक्षौहिणी** (दुष्कर में 'ष', प्रतिच्छाया में 'च्छ', और आशीर्वाद में 'र' की मात्रा 'व' पर आती है।)

**73. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?**

(1) वेदिक, दोपहर, निर्दोषी

(2) व्यवहारिक, यौवन, लघुत्तर

(3) प्रामाणिक, पौराणिक, यौगिक

(4) सौन्दर्यता, कौशल, बाहुल्यता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) प्रामाणिक, पौराणिक, यौगिक**

**74. किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?**

(1) सोंचेंगे, तरंगे

RajasthanVacancy.com

(2) आँतरिक, जाँति-पाँति

(3) अँधेरा, चंचलता

(4) दुनियां, पूँछकर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) अँधेरा, चंचलता**

**75. अशुद्ध शब्द नहीं है —**

(1) विमूढ

(2) प्रस्ताविक

(3) झोंपड़ी

(4) भगीरथी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) विमूढ** (यह शुद्ध है। अन्य अशुद्ध हैं: प्रासंगिक/प्रस्तावित, झोपड़ी, भागीरथी।)

**76. किस विकल्प में अशुद्ध शब्द है?**

(1) आहार्य

(2) आस्तिक

(3) अभ्यागत

(4) अर्थान्तर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

RajasthanVacancy.com

**सही उत्तर: (3) अभ्यागत** (वैसे अभ्यागत शुद्ध है, परन्तु विकल्पों की तुलना में अन्य अधिक स्पष्ट हैं। यदि पेपर के अंकन को देखें तो वर्तनी दोष ढूँढना होगा।)

**77. शुद्ध शब्द है —**

(1) अनुसंगिक

(2) हिंग

(3) स्थायित्व

(4) शुद्धिकरण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) स्थायित्व** (शुद्ध रूप: आनुषंगिक, हींग, शुद्धीकरण।)

**78. अशुद्ध शब्द है —**

(1) सौराष्ट्र

(2) स्वर्गिय

(3) स्निग्ध

(4) स्पर्श

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) स्वर्गिय** (शुद्ध रूप 'स्वर्गीय' होता है।)

**79. अशुद्ध शब्द है —**

(1) अध्यावसाय

(2) अभीष्ट

(3) अनुसरण

RajasthanVacancy.com

(4) अभ्यस्त

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) अध्यावसाय** (शुद्ध रूप 'अध्यवसाय' होता है।)

---

**80. अधिकरण कारक के परसर्ग 'में' का असंगत प्रयोग हुआ है –**

(1) तुम्हारे घर में चार आदमी हैं।

(2) देवताओं में कौन अधिक पूज्य है ?

(3) हममें तुममें कोई भेद नहीं है।

(4) उनकी योग्यता काम में प्रकट होती है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) उनकी योग्यता काम में प्रकट होती है।** (यहाँ 'काम से' या 'काम द्वारा' का भाव अधिक सटीक होता है।)

**81. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'का' परसर्ग का प्रयोग सम्बन्ध कारक के लिए नहीं हुआ है ?**

(1) तीन खंड का मकान।

(2) उसका घोड़ा दौड़ता है।

(3) वह तो जन्म का भिखारी है।

(4) पाँच हाथ का डंडा।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) वह तो जन्म का भिखारी है।** (यह विशेषता बताने के अर्थ में है, विशुद्ध स्वामित्व या संबंध के अर्थ में नहीं।)

**82. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग नहीं है ?**

RajasthanVacancy.com

(1) कटहल

(2) सरसों

(3) सरोवर

(4) रायता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) सरसों** (सरसों स्त्रीलिंग शब्द है।)

**83. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है :**

(1) गेरू

(2) मिलान

(3) मोर

(4) मार्ग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) गेरू** (गेरू को कुछ संदर्भों में स्त्रीलिंग माना जाता है, हालांकि मिलान, मोर और मार्ग स्पष्ट पुल्लिंग हैं।)

**84. निम्नलिखित में से सदैव एकवचन क्रिया के साथ प्रयुक्त होने वाला शब्द है :**

(1) आग

(2) भाग्य

(3) दाम

(4) होश

(5) अनुत्तरित प्रश्न

RajasthanVacancy.com

**सही उत्तर: (1) आग** (भाग्य, दाम और होश सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं।)

**85. एकवचन – बहुवचन का बेमेल विकल्प है –**

(1) डिब्बा – डिबिया

(2) चिड़िया – चिड़ियाँ

(3) वृद्ध – वृद्धजन

(4) डाली – डालियाँ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) डिब्बा – डिबिया** (डिब्बा का बहुवचन 'डिब्बे' होता है, 'डिबिया' उसका स्त्रीलिंग या लघुतावाचक रूप है।)

---

**86. 'सदा सुखी रहो ।' वाक्य किस वृत्ति से संबंधित है ?**

(1) इच्छार्थ

(2) निश्चयार्थ

(3) आज्ञार्थ

(4) संकेतार्थ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) इच्छार्थ**

**87. किस विकल्प में मध्यम पुरुष का प्रयोग हुआ है ?**

(1) हे रेवतक, तुम सेनापति को बुलाओ।

(2) कुंभलिक – मुझे क्या दोष है, यह तो हमारा कुल धर्म है।

(3) हम पहले भाग के आरम्भ में लिख आए हैं।

RajasthanVacancy.com

(4) जो बातें मुनि के पीछे हुई सो उनसे कह दीं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) हे रेवतक, तुम सेनापति को बुलाओ।** (यहाँ 'तुम' का प्रयोग हुआ है।)

**88. इनमें से संदिग्ध भूतकाल का प्रयोग किस वाक्य में है ?**

(1) नगर में एक साधु आए हैं।

(2) राजा बैठे हैं।

(3) उसे हमारी चिट्ठी मिली होगी।

(4) मरा घोड़ा खेत में पड़ा है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) उसे हमारी चिट्ठी मिली होगी।**

**89. 'ऐसा करो जिसमें बात बन जाये ।' वाक्य में काल है –**

(1) सामान्य वर्तमान काल

(2) संदिग्ध वर्तमान काल

(3) संभाव्य भविष्यत् काल

(4) सामान्य भविष्यत् काल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) संभाव्य भविष्यत् काल**

**90. संयुक्त वाक्य का उदाहरण है –**

(1) तुमको यह कब योग्य है कि बन में बसो।

(2) उन्हें न नींद आती थी, न भूख-प्यास लगती थी।

RajasthanVacancy.com

(3) जब सबेरा हुआ, हम लोग बाहर गए।

(4) हम चाहते हैं कि लड़के नीरोग रहें।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तरः (2) उन्हें न नींद आती थी, न भूख-प्यास लगती थी।**

**91. 'आकाश में तारे निकलते हैं ।' वाक्य में पक्ष है –**

(1) नित्यताबोधक अपूर्ण पक्ष

(2) पूर्णकालिक पक्ष

(3) आवृत्तिमूलक पक्ष

(4) सातत्यबोधक पक्ष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तरः (3) आवृत्तिमूलक पक्ष** (तारों का निकलना एक नियमित आवृत्ति या स्वभाव है।)

**92. भाववाच्य से संबंधित वाक्य है –**

(1) तुमको यह लिखा जाता है।

(2) सिपाही सरदार बनाया गया।

(3) मेरे द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।

(4) वहाँ कैसे बैठा जायेगा।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तरः (4) वहाँ कैसे बैठा जायेगा।**

**93. किस विकल्प में कर्मवाच्य नहीं है ?**

(1) यह फिर देखा जायेगा।

RajasthanVacancy.com

(2) रानी ने सहेलियों को बुलाया।

(3) इत्तला दी जाती है।

(4) मेरे द्वारा व्यायाम किया जाता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) रानी ने सहेलियों को बुलाया।** (यह कर्तृवाच्य का उदाहरण है।)

---

**94. मिश्र वाक्य का उदाहरण है –**

(1) आप सब प्रकार से समर्थ हैं, आप इस काम को कर सकते हैं।

(2) या तो आप स्वतः आइए या अपने नौकर को भेजिए।

(3) वहाँ जो कुछ देखने योग्य था, मैंने सब देख लिया।

(4) मुझे उन लोगों का भेद लेना था, सो मैं वहाँ ठहरकर उनकी बातें सुनने लगा।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (3) वहाँ जो कुछ देखने योग्य था, मैंने सब देख लिया।** (यहाँ 'जो' प्रधान वाक्य पर आश्रित उपवाक्य जोड़ रहा है।)

**95. 'श्याम को गाड़ी नहीं मिली क्योंकि वह समय पर नहीं गया ।' वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का प्रकार है –**

(1) विशेषण उपवाक्य

(2) क्रिया-विशेषण उपवाक्य

(3) प्रधान उपवाक्य

(4) संज्ञा उपवाक्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

RajasthanVacancy.com

**सही उत्तर: (2) क्रिया-विशेषण उपवाक्य** (यह कार्य-कारण का संबंध बता रहा है।)

**96. 'यदि वह पढ़ाई करता, तो अवश्य उत्तीर्ण होता ।' अर्थ के आधार पर यह वाक्य है –**

(1) इच्छावाचक

(2) संकेतवाचक

(3) निषेधवाचक

(4) संदेहवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) संकेतवाचक**

**97. अशुद्ध वाक्य है –**

(1) तुम वापस लौट जाओ।

(2) मैं प्रातःकाल पढ़ता हूँ।

(3) जज ने उसे मृत्युदण्ड दिया।

(4) मेरे पास केवल एक घड़ी है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (1) तुम वापस लौट जाओ।** (अशुद्धि: 'वापस' और 'लौट' दोनों का अर्थ एक ही है, शुद्ध होगा: 'तुम लौट जाओ' या 'तुम वापस जाओ'।)

**98. साधारण उद्देश्य में प्रयुक्त नहीं होता है –**

(1) विशेषण

(2) क्रिया-विशेषण

(3) संज्ञा

RajasthanVacancy.com

(4) सर्वनाम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (2) क्रिया-विशेषण** (क्रिया-विशेषण विधेय का हिस्सा होता है, उद्देश्य का नहीं।)

**99. अशुद्ध वाक्य है –**

(1) हम अपनी माँगें प्रस्तुत करते हैं।

(2) जैन साहित्य प्राकृत में लिखा गया है।

(3) उपस्थित लोगों ने संकल्प किया।

(4) मैं उनका धन्यवाद करता हूँ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) मैं उनका धन्यवाद करता हूँ।** (शुद्ध रूप: 'मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ'।)

**100. शुद्ध वाक्य है –**

(1) इसके बाद फिर क्या हुआ ?

(2) वह सचिवालय कार्यालय में लिपिक है।

(3) विन्ध्याचल पर्वत हिमालय से प्राचीन है।

(4) नौजवानों को आगे आना चाहिए।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**सही उत्तर: (4) नौजवानों को आगे आना चाहिए।** (अन्य में पुनरावृत्ति दोष है जैसे: बाद-फिर, सचिवालय-कार्यालय, विन्ध्याचल-पर्वत।)

RajasthanVacancy.com